मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र, इंदौर

विज्ञापन क्रमांक 04/परीक्षा/2009/13.07.2009 **आयोग कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 13.08.2009**

एक- भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से **योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग** के अंतर्गत **सहायक संचालक/जिला सांख्यिकी अधिकारी,** राजपत्रित द्वितीय श्रेणी के अस्थायी पदों हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

स. क्र.	पद का नाम/ विभाग	कुल पद	रिक्तियों की वर्गवार संख्या				रिक्तियों में से वर्गवार महिलाओं के लिये आरक्षित पद				विकलांग	विकलांगता का प्रकार
			अना-रक्षित	अनु. जाति	अनु. जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अना-रक्षित	अनु. जाति	अनु. जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग		
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.	11.	12.	13.
1.	सहायक संचालक/ जिला सांख्यिकी अधिकारी योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग	14	01	02	06	05	-	-	02	01	अनारक्षित- 01 अनु. जाति- 01 कुल पद - 02	अस्थि बाधित

टीप- (i) केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदक ही आरक्षित पद के विरुद्ध विचारित किए जाएंगे।

(ii) किसी भी प्रवर्ग में महिलाओं के लिये आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष उम्मीदवारों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे।

दो- शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस संख्या में परिवर्तन किया जा सकेगा। उपर्युक्त सभी पद अस्थायी हैं।

तीन- चयनित आवेदकों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जायेगी।

चार- पद का विवरण-

(अ) **पद का नाम-** सहायक संचालक/जिला सांख्यिकी अधिकारी,

(ब) **विभाग का नाम-** योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग

(स) **श्रेणी-** राजपत्रित द्वितीय श्रेणी

(द) **वेतनमान-** रुपये 8000-275-13500/- तथा राज्य शासन द्वारा समय-समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

(य) **पद के मुख्य कर्तव्य-** विभिन्न आधारभूत समंकों का संकलन, सर्वेक्षण, मूल्यांकन, विश्लेषण आदि के द्वारा समाजार्थिक स्थिति का स्पष्ट एवं वास्तविक चित्रांकन।

(इ) **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र सांख्यिकी, गणित, वाणिज्य, समाजशास्त्र या कृषि अर्थशास्त्र में कम से कम अधिस्नातक (मास्टर्स डिग्री) उपाधि।

टीपः- आवेदक के पास उपर्युक्त अर्हताएं आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक होना चाहिए आवेदन करने की तिथि के बाद किसी दिनांक को उक्त अर्हताएं अर्जित करने वाले आवेदक विज्ञापित पदों के लिये विचारित होने की पात्रता नहीं रखेंगे।

पाँच- केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदक ही आरक्षित पद के विरुद्ध विचारित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदक अपना वर्ग अनारक्षित लिखें।

छः- मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के अंतर्गत अनर्हता-

अ. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिये नियत की गयी न्यूनतम आयु (पुरुष हेतु 21 वर्ष तथा महिला हेतु 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये निरर्हित नहीं होगा।

सात- आयु सीमा- न्यूनतम 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो परंतु 30 वर्ष पूर्ण न की हो। मध्यप्रदेश के मूल निवासी आवेदकों हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी 3-5/2001/3/1, दिनांक 17.08.2004 एवं 05.10.2004 द्वारा अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित है। आयु संगणना तिथि 1.1.2010 होगी। आयुसीमा में दी गई अन्य छूटों के लिये परिशिष्ट-1 देखें।

मध्यप्रदेश शासन के स्थायी, अस्थायी वर्कचार्ज्ड या कांटिजेंसी पेड कर्मचारी तथा परियोजना कार्यान्वयन समितियों में नियोजित समस्त श्रेणी के कर्मचारी (महिला कर्मचारी भी) के लिए अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष निर्धारित है। सक्षम अधिकारी का प्रमाणपत्र संलग्न करें। ऐसे आवेदकों को परिशिष्ट-1 (एक) में अंकित किसी भी छूट का लाभ प्राप्त नहीं होगा परंतु परिशिष्ट-1 (दो) प्रोत्साहनस्वरूप दी गई छूटों में से अधिकतम लाभ वाले किसी एक छूट का लाभ तत्संबंधी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर देय होगा।

आठ- अधिवार्षिकी आयु- 60 वर्ष

नौ- महत्वपूर्ण- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि, वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जाँच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें। लिखित परीक्षा में सम्मिलित किये जाने या साक्षात्कार के लिये आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी।

दस- प्रत्येक उम्मीदवार का केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। किसी उम्मीदवार के एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उसके सभी आवेदन पत्र आयोग द्वारा निरस्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र के लिफाफे पर प्रेषक के स्थान पर आवेदक का पूरा नाम तथा पता लिखना अनिवार्य होगा। लिफाफे के ऊपर विज्ञापन क्रमांक तथा आवेदित पद का नाम अवश्य अंकित करें।

ग्यारह- यदि आवेदक के पते में कोई परिवर्तन होता है तो पता परिवर्तन हेतु लिखित आवेदन पत्र आयोग को तत्काल प्रस्तुत करें तथा साथ में 11.5 × 27.5 से.मी. आकार के परिवर्तित पता लिखें तथा पर्याप्त डाक टिकिट लगे दो लिफाफे भी साथ में भेजें। यद्यपि आयोग पता परिवर्तन के अनुसार कार्यवाही करने का पूरा प्रयास करता है, किंतु इस मामले में आयोग कोई उत्तरदायित्व नहीं ले सकता है।

बारह- चयन प्रक्रिया- उपरोक्त पदों पर अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्तांकों के आधार पर होगा। लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर गुणानुक्रम में प्रत्येक श्रेणी के आवेदकों को पदों की संख्या के 3 गुणा के अनुपात में आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले आवेदकों को चयन के लिये अनर्ह माना जायेगा। साक्षात्कार के लिये आवेदकों को बुलाने के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा। आयोग की परीक्षा प्रणाली में पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है। इस विषय में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम हेतु परिशिष्ट-3 का अवलोकन करें। परीक्षा तिथि एवं समय सारिणी की सूचना यथासमय '**रोज़गार और निर्माण**' समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी।

तेरह- परीक्षा केन्द्र- लिखित परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी :-

परीक्षा केन्द्र	कोड
भोपाल -	01
ग्वालियर -	02
इंदौर -	03
जबलपुर -	04

उम्मीदवार द्वारा भरे गए स्थान के अनुसार परीक्षा केंद्र आबंटित करने के सभी प्रयास किए जाएंगे किंतु यह आवश्यक नहीं है कि आवेदक द्वारा भरा गया परीक्षा केंद्र ही आबंटित किया जाये। आयोग परीक्षा केंद्र की क्षमता एवं प्रशासकीय सुविधा की दृष्टि से परीक्षा केंद्र आबंटित करेगा। आवेदक आवेदन पत्र भरते समय अपने परीक्षा केन्द्र का सावधानीपूर्वक चयन करें। एक बार भरा गया परीक्षा केन्द्र बदला नहीं जाएगा। **परीक्षा भवन में मोबाइल फोन, पेजर एवं अन्य संचार यंत्र ले जाना वर्जित है।**

चौदह- आवेदक विस्तृत जानकारी के लिए-

(i) आयु सीमा की छूटें परिशिष्ट-एक

(ii) आवेदन पत्र भरने तथा अन्य निर्देशों एवं जानकारियों हेतु परिशिष्ट-दो

(iii)पाठ्यक्रम एवं परीक्षा योजना हेतु परिशिष्ट-3 देखें।

सचिव

परिशिष्ट-1

(एक)- उच्चतम आयु सीमा में छूटें-

1. भारत शासन द्वारा मध्यप्रदेश के लिए अधिसूचित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जावेगी।
2. मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम 1997 के नियम 4 के अनुसार समस्त महिला अभ्यर्थियों को अधिकतम आयुसीमा में 10 वर्ष की छूट दी जायेगी। यह छूट विधवा परित्यक्ता महिलाओं को तथा अनु. जाति, अनु. जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की आवेदिकाओं को उन्हें देय 05 वर्ष की छूट के अतिरिक्त होगी।
3. विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिला आवेदक को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की अतिरिक्त विशेष छूट देय होगी।

   टीप- ऐसी महिला आवेदन के लिये पात्र नहीं होगी, जिसकी सब छूटें जोड़कर अधिवार्षिकी आयु हो जाये। पद की अधिवार्षिकी आयु 60 वर्ष निर्धारित है।
4. मध्यप्रदेश शासन के स्थायी, अस्थायी वर्क चार्ज्ड या कांटिजेंसी पेड कर्मचारियों के लिये अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष होगी। यह छूट परियोजना कार्यान्वयन समिति के अन्तर्गत कर्मचारियों के लिये भी स्वीकार्य होगी।
5. सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3-14/93/3/1, दिनांक 10.5.1993 अनुसार राज्य के निगम, मंडल, परिषद, नगर निगम, नगर पालिका आदि स्वशासी संस्थाओं के कर्मचारियों के लिये अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष है।
6. स्वयंसेवी नगर सैनिकों/वालंटरी होमगार्ड एवं नगर सेना के नान कमीशन्ड अधिकारियों के मामले में अधिकतम आयु सीमा में उनके द्वारा इस प्रकार की गई सेवा की उतनी काल अवधि तक की छूट आठ वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए दी जाएगी। किंतु किसी भी दशा में उनकी आयु सीमा 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
7. ऐसा अभ्यर्थी, जो छटनी किया गया सरकारी सेवक हो अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की कालावधि (भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवा का योग हो) कम कराने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, परंतु इसके परिणाम स्वरूप उसकी आयु निर्धारित आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये।

   स्पष्टीकरण-

   छटनी किये गये सरकारी सेवक से तात्पर्य है ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य या किसी भी संगठक इकाई की अस्थायी सरकारी सेवा में लगातार कम से कम छः मास तक रहा हो तथा जिसे रोजगार कार्यालय में अपना नाम रजिस्ट्रीकृत कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवामुक्त किया गया हो।
8. ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई संपूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, किंतु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले यह उच्चतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये।
9. 1.1.1963 के बाद में नेशनल कैडेट कोर के पूर्णकालिक अनुदेशक के रूप में भर्ती हुए हों तथा उसके प्रारंभिक बढ़े हुए कार्यकाल के बाद सेवामुक्त हुए हों ऐसे आवेदकों को 38 वर्ष तक छूट रहेगी।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

दो- प्रोत्साहन स्वरूप दी गई छूट-

(1) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीनकार्डधारी आवेदकों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3-40/आ/84/(3) 1, दिनांक 11 जनवरी, 1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दी जायेगी।

(2) आदिम जाति, हरिजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.6.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट दी जायेगी।

(3) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1, दिनांक 3.9.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट दी जावेगी।

टीप- (1) परिशिष्ट-एक (एक) में दर्शायी गई छूटों के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि यदि कोई आवेदक शासन द्वारा बिंदु क्रमांक (एक) के अंतर्गत भिन्न-भिन्न वर्गों के लिये निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में छूट के लाभ के लिये एक से अधिकतम आयु सीमा में छूट के लाभ के लिये एक से अधिक आधार रखता है तो उसे अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार के लिये निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ ही प्राप्त होगा।

(2) परिशिष्ट-एक (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहनस्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यो/योजनाओं के अंतर्गत दी गई छूटों में से यदि कोई आवेदक एक से अधिक छूटों का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में सर्वाधिक लाभ वाले किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिये देय छूट मिलेगी। यह छूट परिशिष्ट एक (एक) में दी गई छूट के अतिरिक्त होगी।

नोट- उपरोक्त एक (एक) और (दो) में उल्लेखित उच्चतम आयु सीमा में छूट की पात्रता तत्संबंधी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

परिशिष्ट-2

आवेदन पत्र भरने के संबंध में निर्देश एवं अन्य जानकारी

आवेदन-पत्र-

सहायक संचालक/जिला सांख्यिकी अधिकारी के पद हेतु जारी इस विज्ञापन के साथ कम्प्यूटराईज्ड आवेदन पत्र प्रकाशित किया जा रहा है। प्रत्येक आवेदन पत्र पर आवेदन क्रमांक अंकित है। इस मूल आवेदन पत्र पर ही आवेदन करें। आवेदन पत्र की छाया प्रति/टंकित प्रति मान्य नहीं होगी। कृपया सुनिश्चित कर लें कि विज्ञापन के साथ यह कंप्यूटराईज्ड आवेदन पत्र भी आपको उपलब्ध हो। आवेदन पत्र निर्देशानुसार ही भरें। आवेदन पत्र भरने के संबंध में मुख्य निर्देश निम्नानुसार है :-

1. यह आवेदन पत्र 2 पन्ने अर्थात चार पृष्ठों का है। पृष्ठ क्रमांक दो खाली है आवेदक उस पर कुछ भी न लिखें अन्यथा आवेदन पत्र स्केन नहीं होगा।
2. यह आवेदन पत्र केवल काली स्याही वाले बालपेन से ही भरें।
3. कोई भी कॉलम खाली न छोड़ें। अधूरा भरा फार्म आयोग द्वारा अमान्य कर दिया जायेगा। प्रविष्टियां सफाई से भरें, काट-पीट न करें।
4. आवेदन पत्र को दो ही मोड़ दें उसे गीला या गंदा न करें।
5. प्रथम पृष्ठ पर फोटो निर्धारित साईज की चिपकायें। स्टेपल या पिन न करें। फोटो के पीछे आवेदक अपना नाम तथा आवेदन-पत्र क्रमांक अनिवार्य रूप से अंकित करें।
6. फोटो के समक्ष दिये बाक्स में हस्ताक्षर अनिवार्यतः करें।
7. घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर हिन्दी व अंग्रेजी दोनों में करें। हस्ताक्षर के अभाव में आवेदन-पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।
8. पृष्ठ तीन पर भी फोटो अनिवार्यतः लगायें। बॉक्स में हस्ताक्षर करें। फोटो के पीछे आवेदक अपना नाम तथा आवेदन-पत्र क्रमांक अनिवार्य रूप से अंकित करें।
9. फोटो पासपोर्ट आकार का सामने से खींचा हुआ जिसमें दोनों कान दिखाई देते हों, होना चाहिए। फोटोग्राफ की फोटोस्टेट प्रति स्वीकार्य नहीं होगी।
10. केवल पृष्ठ चार पर ही मूल बैंक चालान की पी.एस.सी. प्रति के साथ सभी प्रमाण-पत्र स्टेपल करें अन्य कहीं नहीं, अन्यथा आपका आवेदन पत्र स्केन नहीं हो सकेगा। आवेदक अपने अभिलेख हेतु बैंक चालान की छायाप्रति कराकर अपने पास रखें।
11. समस्त जानकारी सही व स्पष्ट शब्दों में दें। जानकारी गलत पाये जाने पर आयोग द्वारा उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी।
12. संख्या लिखने में अंतर्राष्ट्रीय अंकों यथा 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 0 का ही प्रयोग करें। कलात्मक अंकों का प्रयोग न करें।
13. प्रमाण-पत्रों की कुल संख्या निर्धारित स्थान पर अवश्य लिखें साथ ही उसके नीचे हस्ताक्षर करना न भूलें।
14. आवेदन पत्र के लिफाफे पर प्रेषक के स्थान पर आवेदक अपना नाम तथा पता एवं लिफाफे के शीर्ष पर विज्ञापन क्रमांक एवं आवेदित पद का नाम बड़े अक्षरों में लिखें तथा उसे रेखांकित करें। लिफाफे पर इस विवरण के बगैर प्राप्त आवेदन पत्रों पर आयोग द्वारा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी।
15. उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि, सभी अभिलेखों अर्थात उनके आवेदन पत्र, परीक्षा हाल में उपस्थिति सूची पर तथा आयोग के साथ किए गये समस्त पत्र व्यवहार में उनके द्वारा किए गये हस्ताक्षर एक समान होने चाहिए इनमें किसी भी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए यदि विभिन्न अभिलेखों पर उनके द्वारा लिए गये हस्ताक्षरों में कोई अंतर पाया जाता है तो आयोग द्वारा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।
16. **पहचान चिन्ह:-** उत्तर पुस्तिका पर परीक्षार्थी केवल निर्धारित स्थान पर ही अपना अनुक्रमांक लिखें। यदि उम्मीदवार उत्तर पुस्तिका के अन्य किसी भाग पर अनुक्रमांक या अपना नाम लिखेंगे अथवा अन्य चिन्ह अंकित करेंगे तो उसे पहचान चिन्ह बनाना माना जाएगा। ऐसे पहचान चिन्ह वाले प्रकरणों में आवेदक को नोटिस देना अनिवार्य नहीं रहेगा तथा बिना किसी सूचना के आवेदक की उम्मीदवारी तथा परीक्षा निरस्त की जा सकेगी।
17. आवेदक को आयोग से पत्राचार करते समय अपना पूरा नाम, श्रेणी, पंजीयन क्रमांक, अनुक्रमांक तथा पूर्ण पता लिखना चाहिए।

अन्य निर्देश:-

1. एक लिफाफे में एक ही आवेदन-पत्र रखें।
2. स्वयं का पता लिखा छः रुपये का टिकिट लगा एक पोस्टकार्ड लिफाफे में आवेदन पत्र के साथ अवश्य रखें। इसके अभाव में आवेदन-पत्र प्राप्ति की सूचना आयोग द्वारा देना संभव नहीं होगा।
3. मूल आवेदन प्रपत्र में की गई प्रविष्टियों में किसी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतः आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरें।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले प्रमाण-पत्र

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण-पत्रों/अंकसूचियों की स्वयं अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपियां अवश्य भेजी जानी चाहिए। उनके अभाव में आवेदन-पत्र अपूर्ण मानकर अस्वीकार कर दिया जायेगा और उसके संबंध में आयोग द्वारा न तो कोई अभ्यावेदन स्वीकार किया जायेगा और न ही कोई पत्र व्यवहार किया जायेगा। प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के पृष्ठ क्रमांक-चार के साथ ही स्टेपल करें।

आयु संबंधी प्रमाण के लिये- केवल हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी अथवा मैट्रिक्यूलेशन की अंकसूची/प्रमाण-पत्र जिनमें जन्मतिथि का स्पष्ट उल्लेख हो।

शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाण पत्र- हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी तथा उसके बाद की उन समस्त परीक्षाओं की जिन्हें आवेदक ने उत्तीर्ण किया है। समस्त वर्षों/सेमिस्टर्स की अंकसूचियाँ।

जाति के प्रमाण पत्र :-

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का स्थायी जाति प्रमाण-पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जो कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र देने के लिए अधिकृत है अथवा उच्च अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो आवेदन के साथ संलग्न करें। यदि आवेदन पत्र के साथ वैध प्रावधिक जाति प्रमाण (जो कि आवेदन की अंतिम तिथि को छः माह के भीतर की अवधि में जारी हुआ हो) संलग्न किया जाता है तो तथा साक्षात्कार के समय जाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि आवेदक साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति का स्थायी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जायेगी जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा इस संबंध में आवेदक का कोई वचनपत्र अथवा अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए उन्हें नस्तीबद्ध किया जायेगा एवं आयोग इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा। **विवाहित महिलाओं का अपने नाम के साथ पिता के नाम का लगा जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जायेगा। अन्य पिछड़ा वर्ग की विवाहित आवेदिकाएँ जाति प्रमाणन हेतु पिता के नाम युक्त स्थायी जाति प्रमाण पत्र के साथ ही विवाह के पश्चात् क्रीमीलेयर में न आने के प्रमाणस्वरूप अपने पति के नाम युक्त स्थायी जाति प्रमाण पत्र भी संलग्न करें। प्रमाण पत्र की फोटोप्रति संलग्न करें।**

तदर्थ रूप से शासन की सेवा में कार्यरत आवेदकों को तत्संबंधी प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

परिशिष्ट-एक की कंडिका-(एक)(3) के अंतर्गत उच्चतम आयु सीमा में छूट की पात्रता के लिये विधवा, परित्यक्ता तथा तलाकशुदा महिला आवेदकों द्वारा सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट अथवा जिला मजिस्ट्रेट अथवा जिला मजिस्ट्रेट का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट-एक की कंडिका-(एक)(4) से (9) के अंतर्गत उच्चतम आयु सीमा में छूट की पात्रता के लिये नियोक्ता अधिकारी/सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र।

परिशिष्ट-एक की कंडिका-(दो)(1) के अंतर्गत उच्चतम आयु सीमा में छूट के लिये ग्रीनकार्ड।

परिशिष्ट-एक की कंडिका-(दो)(2) के अंतर्गत आयु सीमा में छूट के लिये शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण पत्र।

परिशिष्ट-एक की कंडिका-(दो)(3) के अंतर्गत आयु सीमा में छूट के लिये विक्रम पुरस्कार प्राप्त होने का प्रमाण पत्र।

निर्धारित राशि का बैंक चालान संलग्न करें

1. परीक्षा एवं आवेदन शुल्क-

1. मध्यप्रदेश के ऐसे मूल निवासी आवेदक जो मध्यप्रदेश के लिये अधिसूचित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विकलांग की श्रेणी में आते हैं, के लिये **आवेदन शुल्क रु. 30/- तथा परीक्षा शुल्क रु. 60/- कुल रु. 90/- देय होंगे।**
2. शेष सभी श्रेणी के एवं मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी आवेदको के लिए **आवेदन शुल्क रु. 60/- तथा परीक्षा शुल्क रु. 120/- कुल रु. 180/-देय होंगे।**

बैंक चालान- उपरोक्त शुल्क आवेदन पत्र के पृष्ठ-3 के आधार भाग में स्थित चालान द्वारा भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में जमा किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक को उक्त शुल्क को जमा करने हेतु रु. 30/- प्रोसेस फीस देय होगी जो आवेदक द्वारा वहन की जायेगी। आवेदक चालान की निर्धारित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

अत्यंत आवश्यक- उपरोक्त शुल्क आयोग द्वारा केवल भारतीय स्टेट बैंक में उपरोक्तानुसार चालान द्वारा जमा करने पर ही स्वीकार किया जावेगा। बैंक ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, पोस्टल आर्डर अथवा अन्य किसी भी माध्यम से शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त तथा निरस्त किये गये आवेदन पत्रों के हेतु जमा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा इसलिए आवेदकों के लिये सुझाव है कि अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा करने के बजाये उसके काफी पहले आवेदन पत्र भेजना उनके हित में होगा।

टीप- आयोग को प्राप्त आवेदन शुल्क केवल निम्नानुसार परिस्थितियों में ही आवेदकों को वापस किया जा सकेगा-

I. यदि आयोग द्वारा विज्ञापित विज्ञापन निरस्त हो जाये, अथवा

II. यदि किसी कारण से परीक्षा या चयन की कार्यवाही निरस्त कर दी जाये।

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि-

आयोग कार्यालय में आवेदन-पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 13.08.2009** है। अंतिम तिथि को सायंकाल 5:30 बजे तक आयोग कार्यालय में आवेदन-पत्र पहुंचाने का उत्तरदायित्व आवेदक का है। आयोग कार्यालय के काउंटर पर भी कार्यालयीन समय (प्रातः 10:30 से सायं 5:30 बजे तक) में प्रत्येक कार्य दिवस को अंतिम तिथि तक आवेदन-पत्र जमा कराये जा सकते हैं, जिसकी रसीद उसी समय दी जायेगी। डाक से प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्र अंतिम तिथि को सायं 5:30 बजे तक आयोग कार्यालय में प्राप्त होने पर ही अंतिम तिथि तक प्राप्त हुये माने जायेंगे। डाक/कोरियर के कारण होने वाले विलंब/गुम होने/कटने फटने अथवा नष्ट होने के लिये आयोग उत्तरदायी नहीं रहेगा। आयोग कार्यालय में अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन-पत्र निरस्त किए जायेंगे। कोरियर सेवा प्रदाताओं से अंतिम तिथि को सायं 5:30 बजे तक ही आवेदन प्राप्त किये जायेंगे उसके बाद कोरियर सेवा प्रदाताओं से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आवेदन-पत्र भेजने का पता-

सचिव,
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी क्षेत्र,
इंदौर-452001.

प्रवेश पत्र -

आयोग सभी अर्ह आवेदकों को यू.पी.सी. डाक से प्रवेश पत्र भेजेगा। यदि लिखित परीक्षा के दिनांक से 15 दिवस पूर्व तक किसी आवेदक को आयोग से भेजा गया प्रवेश पत्र प्राप्त न हो तो वे इसके लिये आयोग कार्यालय से संपर्क करें। आयोग कार्यालय से उन्हें उनका परीक्षा केन्द्र तथा प्रवेश पत्र की द्वितीय प्रति रुपये 10/- शुल्क भुगतान के पश्चात् दी जाएगी। यह सुविधा परीक्षा दिनांक से सात दिवस पूर्व तक दी जाएगी। परीक्षा केन्द्र/रोल नंबर की जानकारी किसी भी स्थिति में टेलीफोन पर नहीं दी जाएगी।

नियोक्ता की अनापत्ति-

सभी उम्मीदवारों को चाहे वे पहले से सरकारी नौकरी में हों या सरकारी उपक्रम में हों या किसी प्रकार से अन्य संगठनों में हों या गैर सरकारी संस्थाओं में नियुक्त हों, अपने आवेदन पत्र आयोग को सीधे भेजने चाहिये। अगर किसी उम्मीदवार ने अपना आवेदन पत्र अपने नियोक्ता के माध्यम से भेजा हो और वह आयोग में देर से पहुंचा हो तो उस आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा भले ही वह नियोक्ता को अंतिम तिथि से पहले प्रस्तुत किया गया हो। जो व्यक्ति पहले से सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहा हो या किसी काम के लिये विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो, आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त कर्मचारी हो, अथवा जो लोक सेवा उद्यमों के अधीन कार्यरत हो, उनको यह परिवचन (Undertaking) प्रस्तुत

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

करना होगा कि, उसने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि, उसने इस परीक्षा के लिये आवेदन किया है। उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिये आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से संबद्ध अनुमति रोकते हुये कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

अनुशासनिक निर्देश -

ऐसे आवेदक को आपराधिक अभियोजन के लिये दोषी ठहराया जायेगा, जिसे आयोग में निम्नलिखित के लिये दोषी पाया हो-

1. जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिये परीक्षा/साक्षात्कार में किसी भी तरीके से समर्थन प्राप्त किया हो या इसके लिये प्रयास किया हो, या
2. पररूप धारण (इम्परसोनेशन) किया हो, या
3. किसी व्यक्ति से पररूप धारण (इम्परसोनेशन) कराया हो/किया हो, या
4. फर्जी दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किये हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो, या
5. चयन में किसी भी स्तर पर असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो, या
6. परीक्षा/साक्षात्कार में लगे कर्मचारियों को परेशान किया हो, या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, या
7. परीक्षा/साक्षात्कार में किसी अन्य तरीके से दुर्व्यवहार किया हो।

उपरोक्त प्रकार से दोषी पाये जाने वाले आवेदकों के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन के अलावा उन पर निम्नलिखित कार्यवाही भी की जा सकेगी-

(क) आयोग द्वारा उस चयन के लिये, जिसके लिये वह उम्मीदवार है, उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या

(ख) उसे या तो स्थायी रूप से अथवा विशिष्ट अवधि के लिये निम्नलिखित से विवर्जित किया जा सकेगा

(i) आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षा से या उनके द्वारा किये जाने वाले चयन से।

(ii) राज्य शासन द्वारा या/तथा उनके अधीन नियोजन से।

(ग) यदि वह शासन के अधीन पहले से ही सेवा में हो तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उस पर अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकेगी। परंतु उपरोक्त कार्यवाही के परिणामस्वरूप कोई शास्ति तब तक अधिरोपित नहीं की जायेगी जब तक कि-

(i) उम्मीदवार को लिखित में ऐसा अभ्यावेदन जो वह इस संबंध में देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर नहीं दिया गया हो, और

(ii) उम्मीदवार द्वारा अनुमत अवधि के भीतर प्रस्तुत किये गये अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया गया हो।

अनर्हताएँ:- ऐसे आवेदकों के आवेदन पत्र निरस्त किए जाएंगे जिन्हें किसी परीक्षा अथवा चयन से उपरोक्त दर्शित प्रावधानों के तहत विवर्जित किया गया है।

यात्रा व्यय का भुगतान-

(अ) लिखित परीक्षा के लिये मध्यप्रदेश के ऐसे मूल निवासी जो मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदक, जो किसी सेवा में न हों, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने पर मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय का नगद भुगतान (मध्यप्रदेश की सीमा तक), वापसी यात्रा के पूर्व परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष द्वारा किया जावेगा। आवेदकों को इसके लिये केन्द्राध्यक्ष को वांछित घोषणा पत्र भर कर देना होगा तथा यात्रा भत्ते की पात्रता से संबंधित आवश्यक सभी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होंगे। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के स्वयं के अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपि घोषणा पत्र के साथ संलग्न करें तभी उन्हें यात्रा व्यय दिया जाएगा।

(ब) साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले उपरोक्त वर्ग के आवेदकों को यात्रा व्यय का भुगतान उपरोक्त नियमानुसार आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

सचिव

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष) परिशिष्ट-3

सहायक संचालक/सांख्यिकी अधिकारी के पद हेतु लिखित परीक्षा-2009 परीक्षा योजना

सहायक संचालक/सांख्यिकी अधिकारी लिखित परीक्षा-2009 में कुल तीन प्रश्नपत्र होंगे। लिखित परीक्षा के तीनों प्रश्नपत्र कुल 500 अंकों के तथा साक्षात्कार कुल 50 अंकों का होगा। तीनों प्रश्न पत्रों के प्रकार एवं अवधि का विवरण निम्नानुसार रहेगा-

अनिवार्य विषय -

1. प्रथम प्रश्न पत्र - सामान्य ज्ञान कुल 100 अंक

(सामान्य ज्ञान - 40 अंक) प्रश्न पत्र की अवधि 1 घंटा रहेगी प्रश्न पत्र
हिन्दी ज्ञान - 15 अंक वस्तुनिष्ठ प्रकार का A.B.C.D.
कम्प्यूटर ज्ञान - 30 अंक चार संभावित अंग्रेजी ज्ञान - 15 अंक उत्तरों वाला होगा।

द्वितीय प्रश्न पत्र -

सांख्यिकी, अर्थशास्त्र का ज्ञान कुल 200 अंक

(1) प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के चार संभावित A.B.C.D. उत्तरों वाले होंगे। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा। — प्रश्न पत्र की अवधि 2 घंटे की होगी।
(2) विस्तृत उत्तरों वाले प्रश्न 100 अंकों के 20 प्रश्न होंगे प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का होगा।
(3) द्वितीय प्रश्न पत्र अर्थात सांख्यिकी अर्थशास्त्र का ज्ञान के प्रश्न पत्र में अनारक्षित श्रेणी के परीक्षार्थी को 50 प्रतिशत अंक तथा आरक्षित श्रेणी के परीक्षार्थी को 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

तृतीय प्रश्न पत्र ऐच्छिक विषय- कुल 200 अंक

निम्न में कोई एक विषय लेना है — प्रश्न पत्र की अवधि 2 घंटे की होगी। प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार का A.B.C.D. चार संभावित उत्तरों वाला होगा। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा।

(1) अर्थशास्त्र
(2) समाज शास्त्र
(3) कृषि अर्थशास्त्र
(4) वाणिज्य
(5) सांख्यिकी
(6) गणित

उपरोक्त वर्णित अनिवार्य विषय सामान्य ज्ञान (प्रथम प्रश्न पत्र) एवं तृतीय प्रश्न पत्र ऐच्छिक विषयों में परीक्षा देने वाले अनारक्षित श्रेणी के परीक्षार्थी को 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर तथा मध्यप्रदेश राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के परीक्षार्थी को 10 प्रतिशत अंकों की छूट का लाभ देते हुऐ उन्हें 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उत्तीर्ण माने जायेंगे।

किन्तु रिक्त पदों के मान से उच्च प्राप्तांकधारी (मेरिट क्रमानुसार) तीन गुना परीक्षार्थियों के साथ ही समान अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा।

साक्षात्कार के कुल 50 अंक निर्धारित हैं। आवेदकों को अंतिम चयन के लिए परीक्षा में तथा साक्षात्कार में पृथक-पृथक 40 प्रतिशत अंक अनारक्षित संवर्ग के तथा मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को 30 प्रतिशत अंक परीक्षा एवं साक्षात्कार में पृथक-पृथक प्राप्त करना होंगे।

आयोग द्वारा अंतिम चयन फल साक्षात्कार उपरांत मेरिट अनुसार (उच्च अंकधारी) आवेदकों को घोषित किया जावेगा।

सहायक संचालक/जिला सांख्यिकी अधिकारी लिखित परीक्षा पाठ्यक्रम-सामान्य अध्ययन

प्रश्नपत्र-प्रथम (अनिवार्य)

1. सामान्य विज्ञान एवं पर्यावरण

सामान्य विज्ञान एवं पर्यावरण पर प्रश्नों में दैनंदिन (रोजमर्रा) अवलोकन एवं अनुभव से संबंधित प्रश्न जो किसी भी शिक्षित व्यक्ति द्वारा अपेक्षित है और जिन्होंने इन विषयों का विशेष अध्ययन नहीं किया हो, सम्मिलित होंगे।

2. राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व की वर्तमान घटनाएं

वर्तमान घटनाओं में प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ज्ञान का परीक्षण किया जावेगा।

3. भारत का इतिहास एवं स्वतंत्र भारत

इतिहास में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक पहलुओं से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न होंगे। राष्ट्रीय आन्दोलन एवं स्वतंत्र भारत के विकास के प्रश्न भी पूछे जावेंगे।

4. (क) भारत का भूगोल

भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल के सामान्य ज्ञान के प्रश्न होंगे। इसमें भारतीय कृषि एवं प्राकृतिक संसाधनों का समावेश होगा तथा भारतीय जनांकिकीय एवं जनगणना से संबंधित प्रश्न होंगे।

(ख) विश्व की सामान्य भौगोलिक जानकारी।

5. भारतीय राजनीति एवं अर्थव्यवस्था

इसमें देश की राजनैतिक व्यवस्था एवं संविधान, पंचायती राज, सामाजिक व्यवस्था, आर्थिक विकास चुनाव, राजनीतिक दलों, योजनाएं, औद्योगिक विकास, विदेशी व्यापार, आर्थिक एवं वित्तीय संस्थाओं पर प्रश्न होंगे।

6. खेलकूद

मध्यप्रदेश, भारत, एशिया एवं विश्व में खेले जाने वाले प्रमुख खेलकूद एवं खेल प्रतियोगिताओं पुरस्कारों तथा व्यक्तियों से संबंधित प्रश्न होंगे।

7. मध्यप्रदेश का भूगोल, इतिहास तथा संस्कृति

मध्यप्रदेश के भूगोल में पर्वतों के विकास, नदियां, जलवायु वनस्पतियां, जीवजन्तु खनिज, परिवहन से संबंधित प्रश्न होंगे। मध्यप्रदेश के इतिहास एवं संस्कृति में प्रसिद्ध राजवंशों का योगदान, जनजातियां, कला, स्थापत्य कला ललित कलाओं एवं ऐतिहासिक व्यक्तियों पर भी प्रश्न होंगे।

8. मध्यप्रदेश की राजनीति एवं अर्थव्यवस्था

इसमें प्रदेश की राजनैतिक व्यवस्था, राजनीतिक दलों एवं चुनाव, पंचायतीराज, सामाजिक व्यवस्था, आर्थिक विकास से संबंधित प्रश्न होंगे। इसमें उद्योग, योजनाएं, आर्थिक कार्यक्रम, व्यापार मध्यप्रदेश की जनांकिकीय एवं जनगणना पर प्रश्न भी सम्मिलित होंगे।

9. सामान्य मानसिक योग्यता

संख्यात्मक योग्यता, तर्क, कूट, आंकड़ों का विश्लेषण एवं निष्कर्ष तथा सभ्यता संबंधी प्रश्नों का समावेश होगा।

10. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

इसमें अभिलक्षण, प्रयोग और शब्दावलियों, जैसे वेबसाइट, ऑनलाईन, सर्च इंजिन, ई-मेल, वीडियो मेल, चेटिंग, वीडियो कान्फ्रेन्स, हेकिंग, क्रेकिंग, वायरस और सायबर अपराध से संबंधित प्रश्न सम्मिलित होंगे।

Assistant Director/District Statistical Officer Written Examination

Syllabus of General Studies

Paper-I (Compulsory)

1. General Science and Environment

Questions on general science and Environment will cover general appreciation and understanding of science including matters of every day observation and experience as may be expected of a well educated person who has not made a special study of any particular scientific discipline.

2. Current Events of National & International Importance

In current events knowledge of significant National and International level will be tested.

3. History of India and Independent India

In History, questions of general knowledge related to social, economic and political aspects will be asked. Also, there will be questions on Indian National Movement and Development of Independent India.

4. (1) Geography of India

There will be questions of general knowledge relating to Physical, social and economic geography. It will also include questions on Indian Agriculture and Natural resources. There will be questions pertaining to demography and census of India.

(2) General Geographical awareness of world.

5. Indian Polity and Economy

Political system and constitution of the country, Panchayati Raj, social system, economic development, elections, political parties, plans, industrial development, foreign trade, economic and financial institutions.

6. Sports

Important games and sports tournaments, Awards and personalities of M.P., India, Asia and World.

7. Geography, History and Culture of M.P.

There will be questions related to the development of Mountains, rivers, climate, Flora and Fauna, Minerals transportation in the Geography of Madhya Pradesh. It will also have questions relating to important dynasties of M.P., Contribution of important dynasties in the History & Culture of Madhya Pradesh, There will be questions on Tribals, Arts, Architecture, Fine Arts and Historical personalities of M.P.

8. Polity and Economy of M.P.

Political system, Political parties and elections, Panchayati Raj, Social system and economic development of M.P. This will also include questions on Industry, Plans, Economic programmes, business, demography and census of M.P.

9. General Mental Ability

Numerical ability, reasoning, coding, data analysis and interpretation and analogy.

10. Information and Communication Technology

Questions pertaining to characteristics, uses, and terminologies such as website, online, search engine, e-mail, video mail, chatting, video conferencing, hacking, cracking, virus and cyber crime.

सहायक संचालक/जिला सांख्यिकी अधिकारी लिखित परीक्षा पाठ्यक्रम-सांख्यिकी-अर्थशास्त्र का ज्ञान

प्रश्न-पत्र द्वितीय

पूर्णांक-200

खण्ड- "अ" सांख्यिकी

इस प्रश्न पत्र में 50 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे एवं 50 अंकों के विस्तृत प्रश्न होंगे।

एक समष्टि से प्रतिदर्श तथा समष्टि की अवधारणा, मात्रात्मक एवं गुणात्मक आंकड़े, असंतत एवं संतत आंकड़े, सामूहित आंकड़ों का चित्रमय एवं आरेखित प्रदर्शन : आवृत्ति बंटन, संचयी आवृतित बंटन एवं उनका आरेखित प्रदर्शन, आयत चित्र, आवृत्ति बहुभुज एवं तोरण। केन्द्रीय प्रवृत्ति, प्रकीर्णन, वैषम्य तथा ककुदता की अवधारणाएं एवं उनके माप, द्विचर आंकड़े, गुणन आघूर्ण सहसंबंध गुणांक, निर्धारक गुणांक, सहसंबंध अनुपातः अंतर्वर्ग सहसंबंध, सहसंबंध सूचक, स्पियरमेन कोटि सहसंबंध, न्यूनतम-वर्ग नियम, रेखीय समाश्रयण का आसंजन एवं संबंधित परिणाम, रूपांतरण से बहुपद में परिवर्तित होने वाले वक्रों का आसंजन, बहु एवं आंशिक से सहसंबंध। प्रवर्गीकृत आंकड़ों का विश्लेषण व वर्गीकृत आंकड़ों की संगति, गुणों की अनाश्रितता एवं साहचर्य, द्विधा एवं त्रिधारूप वर्गीकृत आंकड़ों के लिए साहचर्य के विभिन्न माप। प्रायिकता की परिभाषाएं, यादृच्छिक प्रयोग, प्रतिदर्श समष्टि, घटना, सप्रतिबंध प्रायिकता, घटनाओं की अनाश्रितता, बेज प्रमेय एवं उसका अनुप्रयोग, यादृच्छिक चर एवं उनकी परिभाषाएं, द्विपद, प्वासों एवं प्रसामान्य बंटन।

खण्ड- "ब" अर्थशास्त्र

इस प्रश्न पत्र में 50 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे एवं 50 अंकों के विस्तृत प्रश्न होंगे।

व्यष्टि अर्थशास्त्र की अवधारणा, अर्थशास्त्र के नियम, उपयोगिता, सीमान्त और कुल उपयोगिता में संबंध, उपयोगिता ह्रास नियम, समसीमान्त उपयोगिता का नियम, उदासीनता वक्र के द्वारा उपभोक्ता का साम्य, मांग की लोच तथा मांग की लोच की नाम। उपभोक्ता का बचत सिद्धांत, उत्पादन लागत एवं आगम वक्र। बाजार तथा बाजार के प्रकार एवं क्षेत्र। बाजार मूल्य, सामान्य मूल्य वितरण के सिद्धांत, सीमान्त उत्पादकता का सिद्धांत, आधुनिक सिद्धांत, लगान, लाभ, मजदूरी एवं ब्याज के आधुनिक सिद्धांत।

समष्टि अर्थशास्त्र की अवधारणा, राष्ट्रीय आय एवं मापने की विधियां, जी.डी.पी., एन.एन.पी., प्रति व्यक्ति आय, व्यक्ति आय। पर्यावरणीय समस्याएं वन विहीनीकरण, जल एवं वायु प्रदूषण एवं उनका आर्थिक निहितार्थ।

मुद्रा, मुद्रा के कार्य, महत्व मुद्रा प्रसार एवं संकुचन, बैंक के कार्य, केन्द्रीय बैंक के कार्य, रिजर्व बैंक के कार्य तथा साख नियंत्रण। रोजगार का प्रतिष्ठित सिद्धांत, कीन्स का रोजगार का सिद्धांत।

क्षेत्रीय आयोजन, क्षेत्र (सेक्ट्राल) तथा स्थानिक एकीकरण संतुलित क्षेत्रीय विकास के लिए व्यूह रचना, क्षेत्रीय नियोजन की कठिनाईयां।

सार्वजनिक आय एवं कर का विवरण, अधिकतम सामाजिक लाभ का सिद्धांत, बजट, बजट बनाने की विधि, शून्य बजट, घाटे की वित्त व्यवस्था।

पंचवर्षीय योजनाओं में भारत का विदेशी व्यापार, आयात, निर्यात की नवीन प्रवृत्तियां एवं दिशाएं। भुगतान संतुलन एवं व्यापार संतुलन। भुगतान असंतुलन के कारण तथा दूर करने के उपाय।

Assistant Director/District Statistical Officer

Syllabus of Statistics and Economics Knowledge

Paper-II

Max. M. 200

Section- "A" Statistics

This question paper contains objective type questions of 50 marks and descriptive questions of 50 marks.

Concept of a statistical population and sample from a population; qualitative and quantitative data; discrete and continuous data; Diagrammatic and graphical representation of grouped data. Frequency distributions, cumulative frequency distributions and their graphical representation. Histogram, frequency polygon and ogives, Concepts of central tendency, dispersion, skewness and kurtosis and their measures. Bivariate data; Product moment correlation coefficient, coefficient of determination, correlation ratio, intracall correlation, correlation index, Spearman's rank correlation coefficient. Principle of least squares. Fitting of linear regression and related results, fitting of curves reducible to polynomials by transformation. Multiple and partial correlation. Definitions of Probability, Random experiment, Sample space, event, conditional probability, independence of events, Baye's theorem and its applications. Random variables and their definitions. Binomial, Poisson and normal distributions.

Section- "B" Economics

This question paper contains objective type questions of 50 marks and descriptive questions of 50 marks.

Concept of Micro Economics, Economics Laws, Utility, Marginal & Total Utility. Law of diminishing marginal utility. Law of equi-marginal utility. Indifference curve & consumer's equilibrium, elasticity of demand, measurement of elasticity of demand. Consumer surplus. Costs of production & Revenue curves. Market & types of market areas. General price & Market price. Principles of distribution, Marginal Productivity theory,

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

Modern theory Modern theory of Rent, Wages, Interest & Profit.

Macro Economics, National Income, Measurements of National Income, G.D.P., N.N.P., Percapita Income, Personal Income, Environmental problems in India, Deforestation, Air & Water pollution and their Economic Implications.

Money, Functions of money, importance, money inflation and definition; functions of Bank, Central Banking, Functions of a Central Bank, RBI Function & Credit control. Classical theory of employment, theory of keynesian income and employment.

Regional planning regional (sectoral) and spatial integrations, Strategy for balanced regional development.

Concept of public income & expenditure, principle of maximum social advantage, Budget, methods to prepare to budget, Zero budget, deficit finance.

India's foreign trade during five year plans. New changes & dimensions in imports & exports of India, Balance of trade and Balance of payment and Measures for correcting the disequilibrium, Balance of Payment.

सहायक संचालक/जिला सांख्यिकी अधिकारी

पाठ्यक्रम-अर्थशास्त्र

प्रश्नपत्र-तृतीय (ऐच्छिक)

खण्ड-अ

आर्थिक संवृद्धि के सिद्धांत तथा प्रक्रिया

- आर्थिक संवृद्धि का अर्थ तथा माप/जी.एन.पी. बनाम कल्याणकारी विवाद।
- विकास के परम्परावादी सिद्धांत शुम्पीटर का सिद्धांत, रोस्टोव की आर्थिक विकास की अवस्थाएं।
- हर्षमैन, लीबिन्स्टीन, रोडन, गुन्नार मिर्डल, हैरोड तथा डोगर के प्रतिरूप।
- महालनोबिस प्रतिरूप मजदूरी, माल प्रतिरूप, नव-कलासिकी, मिसेस जॉन रॉबिन्सन, मीड तथा कालडोर के प्रतिरूप
- आयोजन के सिद्धांत, लक्ष्यों का निर्धारण, संसाधन आवंटन तथा विनियोजन का मानदंड, लागत, क्षेत्रीय आयोजन, आयोजन में भौतिक संतुलन तथा संगति।

क्षेत्रीय अर्थशास्त्र-

- क्षेत्रीय अर्थशास्त्र की परिभाषा तथा क्षेत्र, क्षेत्रों की आवधारणा का प्रकार
- क्षेत्रीय विकास के सिद्धांत, क्षेत्र सिद्धांत गुन्नारमिर्डल का संचयी कार्यकरण सिद्धांत, निर्यात आधार सिद्धांत तथा क्षेत्रीय गुणांक अभितरण बनाम अपसरेक।
- स्थानीयकरण के सिद्धांत वोनथ्यूनेन, वेबर/लेस्च तथा क्रिस्टलर का केन्द्रीय कारण सिद्धांत।
- संकुल अर्थशास्त्र प्रकार तथा माप संकेन्द्रण बनाम वितरण। क्षेत्रीय आय और क्षेत्रीय लेखांकन।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का अर्थशास्त्र

- सार्वजनिक क्षेत्र की अवधारणा, पूंजीवादी तथा समाजवादी पद्धति में उसका स्थान, आर्थिक विकास में सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका। सार्वजनिक उपक्रमों के प्रकार, विकास का स्वरूप, संयुक्त क्षेत्र, राष्ट्रीय क्षेत्र।
- सार्वजनिक उपक्रमों संगठन, स्वरूप संविधिक निगम, संयुक्त पूंजी कंपनियां।
  संयुक्त उद्यम, एकल इकाई तथा बहु इकाई कंपनियां, नियंत्रक कंपनी।
- सार्वजनिक उपक्रमों की वित्त व्यवस्था, आंतरिक तथा बाह्स संसाधन ऋण इक्विटी, अनुपात पूंजी निर्माण, माल सूची, मूल्य नीति।
- सार्वजनिक क्षेत्र में औद्योगिक मजदूर संघ, संबंध एकल तथा बहुइकाई कंपनियां, मान्यता की समस्या, सामूहिक सौदेबाजी, उत्पादकता, सार्वजनिक क्षेत्रीय उपक्रमों में प्रोत्साहन मजदूरी तथा वेतन संरचना, अनुपंगीहित लाभ मुद्रेत्तर लाभ।
- भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का विकास, औद्योगिक नीति, 1948 तथा 1956 के संकल्प, मिश्रित अर्थव्यवस्था।
- 1991 की औद्योगिक नीति- वैश्वीकरण, निजीकरण, उदारीकरण।

सांख्यिकी का सिद्धांत तथा कार्य प्रणाली

- सांख्यिकी का क्षेत्र तथा उपयोगिता तथा आंकड़ों की गणना संकलन तथा सारणीकरण।
- औसत, अपकिरण, ग्राफिक।
- विचरण, गुणांक, प्रतीपगमन सहसंबंध।
- समय सारणी का विश्लेषण, उच्चावचन का पूर्वानुमान सिद्धांत जनसंख्या वृद्धि को मापने एवं पूर्वानुमान की विधियां, नमूने के सिद्धांत, प्रायिकता का प्रारंभिक सिद्धांत।
- भारत में सांख्यिकी का महत्व।
- केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन, जनसंख्या, राष्ट्रीय आय, आदि के समकों की गणना, एन.एस.एस.।

खण्ड-ब

भारत की आर्थिक समस्यायें

- राष्ट्रीय आय समकों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना, भारतीय अर्थ-व्यवस्था में बचत तथा विनियोग व्यवहार।
- भारत में कृषि विकास संवृद्धि दर, आधुनिक प्रौद्योगिक तथा उसकी आय, रोजगार तथा क्षेत्रीय संवृद्धि पर प्रभाव, भूमि सुधार, कृषि मूल्य नीति।
  कृषि अतिरेक तथा उसके रख-रखाव की आधुनिक सुविधाएं खाद्यान्नों का सार्वजनिक वितरण एकीकृत ग्रामीण विकास की व्यूहरचना।
- भारत में औद्योगिक विकास, विकास दर, औद्योगिक संरचना, औद्योगिक नीति तथा उसके साधन, औद्योगिक वित्त व्यवस्था, औद्योगिक बीमारी, क्षमता उपयोग, सार्वजनिक उपक्रमों का कार्य, ग्रामीण औद्योगिकीकरण।
- भारत में निर्धनता तथा बेरोजगारी-नीतिगत उपायों का मूल्यांकन, भारत में मुद्रा संबंधी बैंकिंग नीति में नवीनतम प्रवृत्ति।
- राजकोषीय नीति, केन्द्र और राज्यों के वित्तीय संबंध।

जनसंख्या अध्ययन

- जनांकिकी का क्षेत्र तथा शाखा। विश्व जनसंख्या की प्रवृत्ति, जनसंख्या तथा खाद्यान्नों की आपूर्ति, विश्व जनसंख्या तथा आर्थिक विकास की समस्याएं।
- जनसंख्या का अध्ययन सिद्धांत अल्प विकसित देशों में जनसंख्या समस्या सहित समसामयिक जनांकिकीय स्थिति का विश्लेषण।
- भारत में जनांकिकीय विशेषताओं का अध्ययन/इसका आर्थिक विकास पर प्रभाव, भारत की जनसंख्या नीति में प्रजनन शक्ति, वैवाहिक आयु, भारत में शिशु मृत्यु दर परिवार नियोजन संबंधी कानून।
- भारत की जनसंख्या, मध्यप्रदेश की जनसंख्या, भारत में 2001 की जनगणना, भारत की राष्ट्रीय जनसंख्या नीति।
- विभिन्न जनांकिकीय उपाय, जन्म दर, सकल जनन दर, शुद्ध जनन दर, शिशु महिला अनुपात दर, जीवन सारणी, जनसंख्या प्रक्षेपण की विधियों का अध्ययन।

सहकारिता तथा सामुदायिक विकास

- सहकारिता-अर्थ तथा दर्शन, पूंजीवाद तथा समाजवाद की सहकारिता से तुलना, सहकारिता के सिद्धांत।
- भारत में सहकारिता आंदोलन-भारत में सहकारिता आंदोलन का विकास साख, विपणन, उत्पादन तथा वितरण गृह तथा अन्य क्षेत्रों के संबंध में आंदोलन की वर्तमान स्थिति, सहकारिता विकास का क्षेत्रीय स्वरूप।
- भूमि विकास सहकारी बैंकिंग, पुनर्वित्त व्यवस्था, ग्रामीण साख के क्षेत्र में विभिन्न एजेंसियों का कार्य निष्पादन, भारत में सहकारिता आंदोलन का मूल्यांकन पंचवर्षीय योजनाओं में सहकारिता।
- एकीकृत ग्रामीण विकास, स्थानीय कार्यात्मक एकीकरण। संवृद्धि केन्द्र, ग्रामीण नगरीय क्रिया प्रतिक्रिया। विकेन्द्रीकृत योजना तथा सामुदायिक विकास में ग्राम पंचायत की भूमिका।

कृषि अर्थशास्त्र-

- कृषि का स्वरूप, आगतों का संयोजन, खेती का पैमाना, कृषि का स्वरूप, गहन कृषि के निर्धारक तत्व, जोत का आकार एवं उत्पादकता की स्थितियां बढ़ती हुई और घटती हुई लागतों के साथ।
- उत्पादन कार्य प्रबंध, आधुनिक एवं परम्परागत साधन, कृषि में तकनीकी का चुनाव, विकासशील अर्थशास्त्र में कृषि मूल्य नीति, समर्थन मूल्य, संरक्षण मूल्य, बाजार मूल्य, मूल्य में स्थिरीकरण, कीमतों में समानता, कृषि व्यापार की शर्तें, भारत में सार्वजनिक क्षेत्र में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था तथा सुरक्षा।
  कृषि उत्पादकों का विपणन, क्रय-विक्रय अधिशेष।
- कृषि का आधुनिकीकरण तथा विकेन्द्रीकरण हरित क्रांति तथा इसका रोजगार आय तथा क्षेत्रीय संवृद्धि पर प्रभाव।
